# आम रास्तों से अतिक्रमण हटाने, पेयजल आपूर्ति सहित 89 प्रकरणों पर की सुनवाई

**बीकानेर,**(कासं)। जिला स्तरीय जनसुनवाई और जिला जन अभाव अभियोग समिति की बैठक गुरूवार को जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जनसुनवाई में 89 प्रकरण आए।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को प्रत्येक परिवेदना पर प्रभावी कार्यवाही करने सहित उसका अपडेट रखने को कहा। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करने को कहा। आमजन को राहत पहुंचाने और जनहित के मुद्दों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

पांचू के कंवलीसर निवासी रिछपाल सिंह द्वारा राशन डीलर का कार्य एवं ई-मित्र का संचालन किए जाने की शिकायत की गई। इस पर जिला कलेक्टर ने जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए। रीड़ी निवासी नारायण दास ने जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन होने के पश्चात नियमित पानी ना आने की शिकायत की। जिला कलेक्टर ने श्रीडूंगरगढ़ एसडीएम को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। जसरासर में खेतों की गिरदावरी गलत होने पर फसल बीमा योजना के तहत मुआवजे का आंकलन नहीं होने की शिकायत पर तहसीलदार को दोबारा जांच करने के निर्देश दिए।

नोखा के रोड़ा में अवैध जल कनेक्शन की शिकायत पर जलदाय विभाग को जांच व सर्वे कर अवैध होने पर कनेक्शन हटाने के निर्देश दिए। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में सेवानिवृति के उपरांत भी पेंशन स्कीम का लाभ नहीं मिलने की परिवेदना पर उचित कार्यवाही करते हुए नियमानुसार निस्तारण करने को कहा। जनसुनवाई के दौरान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने, सरकारी रास्ते और जमीन से अतिक्रमण हटवाने, पट्टा जारी करने, पेयजल आपूर्ति, विद्युत कनेक्शन, कब्जा हटाने सहित अन्य प्रकरणों पर की सुनवाई की गई।

इससे पहले जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक हुई। इसमें कुल 10 प्रकरण दर्ज थे। प्रार्थियों के प्रकरणों पर इस दौरान चर्चा हुई। जिला कलेक्टर ने कहा कि अभाव अभियोग समिति के प्रकरणों को पूर्ण गंभीरता से लिया जाए। इनका समयबद्ध और नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में बीकानेर विकास प्राधिकरण सचिव अपर्णा गुप्ता, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता, एसडीएम कविता गोदारा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।




**बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में आये प्रकरणों पर सुनवाई की।**

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान सरकार की जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई और जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक गुरूवार को कलेक्ट्रेट के वीसी रूम में हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध रूप से निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप पीड़ित को राहत व संतुष्टि दिलवाना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान

**■ जसरासर में खेतों की गिरदावरी गलत होने पर फसल बीमा योजना के तहत मुआवजे का आंकलन नहीं होने की शिकायत पर तहसीलदार को दोबारा जांच करने के निर्देश दिए**

प्राप्त 75 प्रकरणों पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

जनसुनवाई के दौरान जिला प्रभारी सचिव एवं स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने वीसी के माध्यम से जुड़ते हुए प्राप्त प्रकरणों की जानकारी लेकर कहा कि जिला स्तरीय जनसुनवाई के साथ-साथ ग्राम पंचायत और उपखण्ड स्तर की जनसुनवाई में परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। राइजिंग राजस्थान के दौरान हुए एमओयू की प्रगति, बजट घोषणा क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए उन्होंने सर्दी में रैन बसेरों में पर्याप्त व्यवस्थाएं तथा अन्नपूर्णा रसोई का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिये।

जन अभियोग निराकरण विभाग की निदेशक उर्मिला राजोरिया ने जनसुनवाई और संपर्क पोर्टल प्रकरणों की समीक्षा की।

## दो दिन बारिश व ओलावृष्टि के संकेत

**बीकानेर,** (कासं)। ठिठुरन और कंपकंपी का दौर जा चुका। अब जैसे-जैसे दिन चढ़ेंगे, वैसे-वैसे तापमान बढेगा। दरअसल बीते दिनों जब पश्चिमी विक्षोभ आया तो सर्दी अपने परवान पर थी। तापमान वापस 6 डिग्री तक पहुंच गया था। आसमान साफ हुआ तो कंपकंपी का दौर शुरू हुआ मगर अब तापमान का मिजाज धीरे-धीरे तल्ख होता जायेगा।

मौसम विभाग से जो संकेत मिल रहे हैं उससे लग रहा कि दिन की सर्दी से राहत इस महीने ही मिल सकती है। खासकर तीसरे सप्ताह से दिन का मिजाज बदलेगा। 20 जनवरी से ये बदलाव महसूस होना शुरू हो सकता है। मौसम विभाग की मानें तो 21 जनवरी तक दिन का पारा 27 डिग्री तक पहुंच सकता है जो दो दिन पहले 15 डिग्री तक था। रात का पारा भी 12 डिग्री तक जाने के आसार हैं।

संकेत मिल रहे हैं कि आगे आसमान साफ ही रहेगा। कोई बदलाव या उतार चढ़ाव की संभावना नहीं है। अगर आसमान साफ रहा और दिन में तेज धूप निकली तो आने वाले समय में सर्दी का मिजाज कमजोर होगा। इस बीच बीती रात का न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बुधवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिनों में बीकानेर संभाग में ओलावृष्टि की संभावना हैं। संभाग में बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना है। 17 को रात के तापमान में उतार-चढ़ाव रहेगा। हांड कंपाने वाली सर्दी का दौर रहेगा।18 को आसमान में बादल छाए रहेंगे। तापमान में उतार-चढ़ाव आयेगा।

## सार-समाचार

### 'निरक्षरों को साक्षर करना जरूरी'




**उल्लास नवभारत साक्षरता प्रशिक्षण शिविर को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र कुमार शर्मा ने संबोधित किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर गुरूवार को आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि व्यक्ति में कौशल का विकास करने के लिए सतत साक्षरता बेहतर विकल्प है। उन्होंने कहा कि उल्लास नवभारत कार्यक्रम के तहत निरक्षरों का स्किल निखार कर उनका उन्नयन करना प्राथमिकता होनी चाहिए। जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी हेतराम सारण ने कहा कि जिले में चिन्हित निरक्षरों का पंजीकरण कर उन्हें परीक्षा के माध्यम से प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाए गये हैं। विभिन्न कौशलों का विकास कर व्यक्तिव निर्माण करना उल्लास नवभारत कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि दक्ष प्रशिक्षक सघन प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रत्येक स्तर तक इसे पहुंचाए। परियोजना अधिकारी महेन्द्र सिंह शेखावत ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विषय वस्तु पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षण की उपादेयता बताई। दक्ष प्रशिक्षक किशोर कुमार एवं हेमेन्द्र बाना ने पावर पाइंट प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि, ब्लॉक समन्वयकों सहित दो-दो मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

### दो दिन शिक्षक करेंगे शिक्षा पर मंथन



**शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेश स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन की तैयारी बैठक को प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने संबोधित किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन 17 से 18 जनवरी को बीकानेर में आयोजित होगा। इसके सफल आयोजन के लिए जिला कार्यकारणी की बैठक संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद की अध्यक्षता में गांधी पार्क में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद व कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर बिश्नोई ने बताया कि 17 जनवरी को टाऊन हॉल में प्रात 11 बजे उद्‌घाटन सत्र शुरू होगा। दो दिनों तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन में राजस्थान के विभिन्न जिलों से शिक्षक भाग लेंगे। इन दो दिनों में शिक्षक खुले मंच में शिक्षा, शिक्षार्थी और शिक्षकों की समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श करेंगे व प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार को प्रेषित करेंगे। सम्मेलन की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने हेतु संगठन के गोपाल शर्मा, एस.एस. शर्मा, हीना मिर्जा, शालिनी शर्मा, संजीव कुमार यादव, हनुमान शर्मा, संतोष जनागल, भंवर आचार्य, सुनील शर्मा, डूंगर दान, महिपाल सियाग, वैभव, रामदयाल धायल, सतपाल मांझू, रमेश मोड़किया, आदेश धायल सहित अन्य पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## दो साल से टूटी पड़ी सूरसागर के पास वाली सड़क खस्ताहाल

**बीकानेर,** (कासं)। नगर निगम की कार्यप्रणाली के ये वो तीन उदाहरण हैं जिससे पता लगता है निगम काम को लेकर कितना गंभीर है। रोज करीब 50 हजार लोग जिस सड़क से गुजरते हैं। सूरसागर के पास वाली वो सड़क दो साल से टूटी पड़ी है।

केसरलाल मीणा के समय 56 लाख का टेंडर हुआ था मगर सिरे नहीं चढ़ा। फिर नए सिरे से टेंडर हुआ। नवम्बर में वर्क आर्डर जारी कर दिया पर तीन महीने में काम शुरू नहीं हुआ। ये सीसी रोड है। ठेकेदारों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें निगम के सिस्टम का कोई डर नहीं है। नवम्बर में हुए टेंडर के बाद अब नाले की सफाई का काम शुरू हुआ है। ये वो ही सड़क है जिस पर बीकानेर पूर्व की विधायक, कलेक्टर और यहां तक कि जिले के मंत्री सुमित गोदारा तक बनाने के लिए कह चुके पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

**■ प्रशासक लगाने के बाद वर्क आर्डर के काम भी शुरू नहीं हुए और जो टेंडर लगे थे उनका भी वर्क आर्डर जारी नहीं हो रहा**

निगम में इस वक्त पूर्व आयुक्त अशोक कुमार आसींजा के वक्त के करीब 50 टेंडर वर्क आर्डर का इंतजार कर रहे हैं। सारे टेंडर के वर्क आर्डर साइड में हैं। अब खबर आई है कि वार्ड 4, 5, 47, 74, 75 और 69 में काम के टेंडर और वर्क आर्डर हो सकते हैं। इस बात को लेकर शहर में चर्चा है कि प्रशासक काल आने के बाद वर्क आर्डर के काम भी शुरू नहीं हुए और जो टेंडर लगे थे उनका भी वर्क आर्डर जारी नहीं हो रहा। हालांकि इसमें कुछ ऐसे टेंडर भी हैं जिनको कैंसिल करने की भी जरूरत है पर निगम वो भी नहीं कर रहा। वार्ड 22 में टेंडर हुआ। वर्क आर्डर जारी हुआ पर अंतर राशि जमा ना होने के कारण काम नहीं हुआ। अंतर राशि जो ठेकेदार जमा नहीं कर रहा उसे नोटिस भी नहीं दिए गए। वार्ड 60 में अंतर राशि का लेटर जारी हो गया पर राशि जमा नहीं हुई। वार्ड 21 में वर्क आर्डर हो गया था पर शर्त डाल दी कि न्यास की स्वीकृति मिलने तक काम शुरू न किया जाए।

कोठारी हॉस्पिटल से देवीसिंह भाटी के घर तक सीवरेज का काम भी रूका पड़ा है। बीकानेर पूर्व में ही जूनागढ़ वाली सड़क शामिल है। ऐसे करीब 10 टेंडर है जिनके वर्क आर्डर जारी होने बाकी हैं। जिनके वर्क आर्डर जारी हो गए अभी तक उनके काम भी शुरू नहीं हुए।

## 44 किलो डोडा-पोस्त सहित गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के घमूड़वाली थाना इलाके में 2 बदमाशों को 44 किलो डोडा-पोस्त के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी पंजाब के रहने वाले हैं और कार में पोस्त लेकर जा रहे थे। डीएसटी से मिले इनपुट के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। घमूड़वाली थाने के कार्यवाहक एसएचओ सुरेन्द्र कुमार को थाना क्षेत्र में 2 लोगों के डोडा-पोस्त छिलका लेकर आने की सूचना मिली। डीएसटी से मिली सूचना में आरोपियों के कार में होने और उनके हुलिए के बारे में जानकारी दी गई। इस पर पुलिस टीम ने नाका लगाया और वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। गांव 74 एलएनपी के पास एक कार नजर आई। इसे रोका तो इसमें 2 लोग नजर आए। पुलिस को देख दोनों घबरा गए। कार की तलाशी ली तो इसमें दो प्लास्टिक बैग में भरा 44 किलो डोडा-पोस्त छिलका बरामद हुआ।

## कंस्ट्रक्शन सुपरवाइजर की सड़क हादसे में मौत

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। केसरीसिंहपुर की कमीनपुरा रोड पर देर रात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। युवक गांव फूसेवाला में एक कॉलोनाइर के यहां कंस्ट्रक्शन सुपरवाइजर के तौर पर काम करता था। बुधवार रात वह काम से लौट रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

पास से गुजर रही बस में सवार कुछ युवा अस्पताल लेकर गए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। जहां पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। केसरीसिंहपुर में दुर्गा मंदिर के पास वार्ड 9 में रहने वाले योगेश कुमार उर्फ सन्नी शर्मा पुत्र कृष्ण शर्मा कस्बे से कुछ दूर गांव फूसेवाला में एक कॉलोनाइजर की कंस्ट्रक्शन साइट पर सुपरवाइजर थे। उन्हें पूरा दिन कंस्ट्रक्शन का काम देखना होता था। वह सुबह घर से रवाना होते और देर रात

**■ केसरीसिंहपुर की कमीनपुरा रोड पर देर रात किसी वाहन ने टक्कर मार दी**

तक लौट आते थे। वह सुबह काम पर गये। देर रात जब वह काम से बाइक पर घर लौट रहे थे। इसी दौरान कमीनपुरा रोड पर राधास्वामी डेरे के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वह बाइक सहित सहित सड़क के एक तरफ जा गिरे। देर रात संभालने वाला कोई नहीं था। इसी दौरान श्रीकरणपुर से आई बस के ड्राइवर ने युवक को सड़क किनारे घायल पड़ा देख बस रोक दी। बस में सवार युवकों ने घायल सन्नी को देखा तो वे उसे पहचान गए। इन लोगों ने युवक को केसरीसिंहपुर के सरकारी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## आर.ए.एस. के आवास से लाखों की चोरी

**बीकानेर,**(कासं)। चोरों ने बीकानेर टेक्निकल यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार आरएएस रचना भाटिया के सिविल लाइन स्थित निवास में घुसकर जमकर धमा चौकड़ी की और लाखों का माल चुरा ले गए। उनके पति की ओर से सदर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

बीटीयू में रजिस्ट्रार आरएएस रचना भाटिया का परिवार 8 जनवरी को बीकानेर से बाहर गया था। इस दौरान चोरों ने बंद मकान में सेंधमारी कर जमकर धमा चौकड़ी की। दरवाजा तोड़ दिया, हॉल के शीशे तोड़े, तीन अलमारियां और बक्से, सूटकेस तोड़ दिए। उनमें रखा नकदी-जेवरात निकाल लिया। घर की सारी टोटियां खोलकर ले गए। महंगी घड़ियां चुरा

**■ सिविल लाइंस स्थित आर.ए.एस. रचना भाटिया के आवास में चोरी**

ली और टीवी भी ले गए। घर में रखे ब्रांडेड कपड़े ले गए। महंगी साड़ियां भी नहीं छोड़ी। यहां तक कि बच्चों के महंगे खिलौने भी चुरा ले गए। यही नहीं घर में रखा ड्राई फ्रूट भी चुरा ले गए। चोरों ने आराम से घर के सभी कमरों का पूरा सामान खंगाला और महंगी चीजों को छांटकर हाथ साफ किया।

अनुमान है कि चोर चार-पांच लाख रूपए का सामान ले गए। इत्तला मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की।

## नौ लाख की लूट मामले में तीन युवक राउंडअप

**नोखा,** (कासं)। दो व्यक्तियों द्वारा 9 लाख रुपए लूट ले जाने के मामले के 24 घंटे के अंदर ही स्थानीय पुलिस ने तीन युवकों को राउंडअप कर लिया है।

थानाधिकारी अमित कुमार स्वामी ने बताया कि रात दस बजे के आस-पास बीकानेर के नत्थूसर बास निवासी मांगीलाल रामावत से कस्बे में दो बाइक सवार युवकों ने नौ लाख रूपए लूट लिए थे। उसके मुकदमा दर्ज करवाने के बाद तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई। कई जगह दबिश दी। साइबर थाने की मदद ली। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज देखे। उस आधार पर तीन युवकों को राउंड अप किया गया है। इनमें दो युवक श्रीडूंगरगढ़ से और एक युवक नोखा से दस्तयाब कर लाये हैं।

## निगम ने टेंडर किए पर जर्जर मकान गिराने की अनुमति नहीं दी

**बीकानेर,** (कासं)। कुछ दिन पहले ही शहर में एक जर्जर मकान भरभराकर गिर पड़ा। उसमें कोई हताहत नहीं हुआ। नगर निगम ने शहर के जर्जर मकानों का सर्वे कराया। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक जर्जर मकान हैं। निगम ने बाकायदा जर्जर मकानों को गिराने और उसके मलबे के निस्तारण का ठेका दिया हुआ है। ठेका देने के बाद निगम मकान गिराने की अनुमति नहीं दे रहा। निगम के इंतजार में 5 मकान अपने आप ही गिर पड़े।

दरअसल परकोटे में पुराने मकान जिनमें अब कोई नहीं रहता। बंद पड़े-पड़े जर्जर हो गए। कुछ मकान है जिसमें लोग रह भी रहे हैं पर वे जर्जर हो चुके हैं। पिछले साल जब मकान

**■ 90 भवन जर्जर, 5 गिरे, निगम ने गिराने का ठेका दिया लेकिन ठेकेदारों को अनुमति नहीं दी**

गिरे तो निगम ने सर्वे कराया कि कितने मकान जर्जर हैं। बीकानेर पश्चिम में 64 ऐसे मकान हैं, जिनमें एक पल भी रहना ठीक नहीं है। उसके आसपास भी बैठना ठीक नहीं है। पूर्व में 25 मकान ऐसे हैं जिन्हें तुरंत गिराया जाना चाहिए। 64 घरों में से एक महीने पहले एक मकान जमींदोज हो गया।

निगम ने एआरसी से टेंडर किए। पूर्व और पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के टेंडर अलग-अलग हैं। निगम ने टेंडर तो कर दिए पर मकान गिराने की अनुमति ठेकेदारों को नहीं दी गई। जो मकान अपने आप गिर रहे उनका मलबा उठाने का काम ठेकेदारों के पास है। जबकि टेंडर में जर्जर मकानों को गिराकर उसका मलबा हटाने तक का काम था। नगर निगम ने सर्वे कराकर तय किया कि मकान मालिक को नोटिस देकर ऐसे मकानों को खाली कराकर तुरंत गिराने के लिए कहा जाए ताकि मकान गिरने पर कोई जनहानि ना हो। समस्या ये है कि कई मकान मालिक प्रदेश से ही बाहर हैं तो उन्हें नोटिस भी रिसीव नहीं हुए।

## युवाओं को उद्यमशीलता विकास और स्टार्टअप की जानकारी दी

**बीकानेर,** (कासं)। स्टार्टअप इको सिस्टम को सशक्त बनाने, युवाओं में उद्यमशीलता विकास और नवाचार के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्टार्ट अप दिवस के अवसर पर गुरूवार को आई स्टार्ट नेस्ट बीकानेर के इनक्यूबेशन सेंटर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के उभरते हुए स्टार्टअप्स, विद्यार्थियों और नवप्रवर्तन में रूचि रखने वाले प्रतिभागी शामिल हुए। इस दौरान बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रमुख, डॉ. देवेन्द्र तिवारी ने 'वर्तमान की उभरती और प्रचलित तकनीकों' पर अपनी बात रखी। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन, डेटा एनालिटिक्स और साइबर सुरक्षा जैसी तकनीकों के बारे में जानकारी दी। स्टार्टअप्स को प्रतिस्पर्धा में इन तकनीक से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। कास्परटेक इनोवेशन साल्यूलेशन




**बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रमुख डॉ. देवेन्द्र तिवारी ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को स्टार्टअप के बारे में जानकारी दी।**

प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक कृष्णा ओझा ने अपनी स्टार्टअप यात्रा साझा की। उन्होंने आई स्टार्ट कार्यक्रम के तहत स्टार्टअप पंजीकरण प्रक्रिया और इससे मिले लाभ के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि मार्गदर्शन, तकनीकी सहायता और वित्तीय संसाधनों की सराहना करते हुए कहा कि इनसे उनके स्टार्टअप को मजबूती और नई दिशा

**■ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और साइबर सुरक्षा जैसी तकनीक के बारे में जानकारी दी**

मिली है। एसीपी गगन भाटिया ने बताया कि यह आयोजन स्टार्टअप्स और शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों को एक साथ लाने, विचारों का आदान-प्रदान करने का एक बेहतर मंच है। इससे नवाचार को प्रोत्साहित करने के साथ व्यावसायिक कौशल विकसित करने और नेटवर्किंग के अवसर मिल सकेंगे। इस तरह के आयोजन युवाओं में उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने में अहम है। कार्यक्रम का संचालन जयवीर सिंह और जोया चौहान ने किया।

## मुक्ता ओझा को पी.एच.डी. की उपाधि

**बीकानेर,** (कासं)। खुशाल दास विश्वविद्यालय हनुमानगढ़ से मुक्ता ओझा ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की।

मुक्ता ओझा ने अपना शोध कार्य स्पेक्ट्रेल कैरक्टराइजेशन एंड थर्मोडायनेमिक स्टडी ऑफ फ्यू लैंथेनाइड कंपलेक्स की बेंजोथायाजोल डेरिवेटिव एंड कोडोपड विद कैल्शियम मैगनीशियम एंड स्ट्रोंशियम सेकंड आयन पर अपना शोध कार्य खुशाल दास विश्वविद्यालय की सहायक आचार्य रचना यादव और राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर के सह आचार्य डॉ. सत्यनारायण जाटोलिया के निर्देशन में किया है। राजकीय डूंगर महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. निर्मल कुमार रांकावत ने बताया कि मुक्ता ओझा वर्तमान में राजकीय डूंगर महाविद्यालय में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत है। इनके शोध कार्य के दौरान यूजीसी केयर और स्कोपस इंडेक्स जनरल में 6 रिसर्च पेपर प्रकाशित किए हैं।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन/ 2025/ 3316 दिनांक : 16/01/2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कमल कुमार पुत्र श्री अर्जुन दास निवासी श्रीराम बारात घर के पास, वार्ड नं. 6, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 27 किला नं. 20, 21 में माप 15 इन्टू 61 फीट भूखण्ड संख्या ए-21 बी, गणपति नगर, श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 917 दिनांक 01.03.2001 को श्री कुरडाराम पुत्र श्री गोपाल राम के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री कमल कुमार द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा पत्र दिनांक 01.08.2019 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री कमल कुमार पुत्र श्री अर्जुन दास निवासी श्रीराम बारात घर के पास, वार्ड नं. 6, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY24-25/MUT/1226 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3312 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 16.1.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती हरविन्द्र कौर पत्नी श्री जसपाल सिंह निवासी 31 पी ब्लॉक, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्डएवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 54 किला नं. 25 में माप 30 इंटू 60 फीट भू.सं. एसएम-14 रिद्धि-सिद्धि एन्कलेव, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 5707 दिनांक 30.4.2008 को श्री धर्मपाल सिंह पायल पुत्र श्री बीरबल राम के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती हरविन्द्र कौर द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 23.1.2012 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती हरविन्द्र कौर पत्नी श्री जसपाल सिंह निवासी 31 पी ब्लॉक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/1246 सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/ / **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 1.1.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 18/19 के किला नं. 24 में माप 25 इन्टू 45 फीट श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 3575 दिनांक 06.06.2005 को श्रीमती शीला बाई पत्नी श्री सिविल कुमार के नाम से जारी किया हुआ है। उक्त भूखण्ड को श्री विवेक पाहवा पुत्र स्व. श्री केवल कृष्ण पाहवा निवासी म.न. 20 शिव कॉलोनी, गली नं. 2, अग्रवाल पीर खाना के पीछे, वार्ड नं. 38, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत हक परित्याग पत्र दिनांक 25.11.2024 के द्वारा प्राप्त कर उक्त भूखण्ड स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर पूर्व में जारी पटटे का समर्पण कर लीज होल्ड से फ्री होल्ड पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

Rajkaj Ref No. 12690896 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3317 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 16.1.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजीव लोहिया पुत्र श्री ओमप्रकाश लोहिया निवासी 45 डी ब्लॉक, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्डएवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 एमएल मुरब्बा नं. 16 किला नं. 17 में माप 30 इंटू 60 फीट भू.सं. जी-29 रिद्धि-सिद्धि एन्कलेव-2, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 8615 दिनांक 31.3.2010 को श्रीमती मन्जू मुंडेजा पत्नी श्री गोविंदराम एवं श्री गोविंद राम पुत्र श्री होला राम के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री संजीव लोहिया द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 12.6.2013 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री संजीव लोहिया पुत्र श्री ओमप्रकाश लोहिया निवासी 45 डी ब्लॉक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/1272 सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर